महामना को कोटि-कोटि प्रणाम

विनम्रता की प्रतिमूर्ति, अमरोहा में जनकल्याण और शैक्षिक क्रांति के स्वप्नदृष्टा
महाविद्यालय के यशस्वी संस्थापक

स्वनाम धन्य साहू जगदीश सरन जी

अवतरण : 10 अक्टूबर 1898 ❖ निर्वाण : 01 जनवरी 1976

इनसे धन्य समाज है, धन्य, वंश, कुल, धाम।
साहू श्री जगदीश को कोटि-कोटि प्रणाम॥

॥ संक्षिप्त जीवन चक्र ॥

- 10 अक्टूबर 1898 को श्री लाला रामप्रसाद जी, निवासी-अमरोहा के घर जन्म।
- 1915 में पूज्य ताऊ 'श्री' कन्हैया लाल जी के द्वारा गोद लिया जाना।
- 1917 में प्रथम तथा 1927 में द्वितीय विवाह।
- 1929-30 में तीर्थ यात्रा/परिभ्रमण।
- 1930 में अखिल भारतीय कांग्रेस, मुरादाबाद के अधिवेशन में स्वागत समिति के सदस्य मनोनीत।
- 1931 में कन्या के पिता बने, 1933 में कन्या की मृत्यु।
- 1940 में पुनः तीर्थ यात्रा एवम् परिभ्रमण।
- 1943 में गोद लेने वाली माँ श्रीमती गंगा देवी का स्वर्गवास।
- 1944 में नेपाल की यात्रा।
- 1959 में भयंकर रूप से रोग ग्रस्त व मिशन अस्पताल बरेली में भर्ती।
- 14 जुलाई सन् 1960 को परम पावन बेला में जगदीश सरन हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय की स्थापना।
- 1975 (सितम्बर) में भयंकर रूप से व्याधिग्रस्त।
- 01 जनवरी सन् 1976 को पंचतत्त्व में विलीन।

॥ सम्यक योगदान पर एक दृष्टि ॥

❖ **संस्थापक :**
जे.एस.हिन्दू डिग्री कालेज, अमरोहा
जे.एस.हिन्दू इण्टर कालेज, अमरोहा
(टी.जी.सी.हिन्दू स्कूल का उच्चीकरण)

❖ **भूमिदान :**
राजकीय कन्या विद्यालय, अमरोहा।

❖ **विशेष सहयोग :**
शर्मा देवी कन्या विद्यालय, अमरोहा

❖ **सहायता :**
ऋषिकुल, हरिद्वार तथा गुरुकुल कांगड़ी, हरिद्वार सहित विभिन्न संस्थाओं को आर्थिक सहयोग।

❖ **भूमि व भवन दान :**
मुन्नी देवी महिला चिकित्सालय।

❖ **सतत् सहयोग :**
अग्रवाल धर्मशाला, अमरोहा
वासुदेव पार्क, अमरोहा
वंशीधर ट्रस्ट, अमरोहा

॥ दानशीलता का विनम्र उद्घोष ॥

अपने जीवन काल में विभिन्न धार्मिक, सामाजिक व शैक्षिक संस्थाओं को लगभग **10,00,000/-** (दस लाख रुपये) की चल व अचल सम्पत्ति दान स्वरूप भेंट की।

महाविद्यालय की प्रबन्ध समिति

पदाधिकारीगण

1.	**श्री रमेश कुमार अग्रवाल**	संरक्षक	4.	**श्री योगेश कुमार जैन**	मंत्री
2.	**श्री संजय मालीवाल**	अध्यक्ष	5.	**श्री मुन्नालाल गुप्ता**	उपमंत्री
3.	**श्री लीलाधर अरोड़ा**	उपाध्यक्ष	6.	**श्री उमेश कुमार गुप्ता**	कोषाध्यक्ष

निर्वाचित व आजीवन सदस्यगण

निर्वाचित सदस्यगण

1. श्री अनिल कुमार रस्तौगी
2. श्री दीपक माहेश्वरी
3. श्री दिवेश चन्द्र बाहेती
4. श्री अर्जुन खण्डेलवाल
5. श्री योगेश चन्द्र कौशल
6. श्री सिद्धार्थ अग्रवाल
7. श्री विवेक अग्रवाल
8. श्री राजनाथ गोयल
9. श्री रानू कालड़ा
10. श्री शरद जैन
11. श्री संजय जैन

आजीवन सदस्यगण

1. श्री पृथ्वीराज अरोड़ा
2. श्री गिरीश चन्द्र अग्रवाल
3. श्री विष्णु स्वरूप माहेश्वरी
4. एस.डी.एम.अमरोहा (पदेन)
   चेयरमैन, वंशीधर ट्रस्ट, अमरोहा
5. श्री राजीव कुमार गुप्ता
6. चेयरमैन, को-आपरेटिव केन
   मार्केटिंग यूनियन, अमरोहा (पदेन)
7. श्री स0 सुरेन्द्र सिंह
8. श्री जयगोपाल माहेश्वरी
9. श्री सुनील कुमार अग्रवाल
10. श्री मुनीश पाल सरन भालवर
11. श्री आशीष कुमार
12. श्री अजय कुमार अग्रवाल
13. अध्यक्ष, श्रीराम सेवा ट्रस्ट, अमरोहा (पंजी.)
14. श्रीमती निशा अग्रवाल
15. श्री शंकर अग्रवाल
16. श्री सुधीर कुमार शारदा
17. श्री अवधेश चन्द्र गोयल
18. श्री कपिल आर्य
19. श्री रमेश चन्द्र गोयल
20. श्री संजय टण्डन
21. डॉ. आर. के. गुप्ता
22. श्री विनय माहेश्वरी
23. श्री ब्रज नारायण अग्रवाल
24. श्री आलोक अग्रवाल
25. श्री अरुण माहेश्वरी
26. श्री राजेन्द्र कुमार जैन, एडवोकेट
27. श्री विनय प्रकाश आर्य
28. श्री मानस गुप्ता
29. श्री धर्म खुराना
30. श्री राजीव गुप्ता
31. श्री अनिल सिंघल
32. श्री कैलाश अग्रवाल
33. श्री सुरेश विरमानी
34. श्री राज कुमार भार्गव
35. श्री सुरेश रस्तौगी
36. डॉ. अनुराग गोयल
37. श्री सुरेन्द्र प्रकाश
38. श्री योगेन्द्र मोहन गुप्ता
39. श्री विवेक मोहन, एडवोकेट
40. श्री अनिल टण्डन
41. श्री ज्ञानेन्द्र कुमार
    उर्फ कमल कुमार अग्रवाल
42. श्री अमरनाथ गुप्ता
43. श्रीमती जागृति अग्रवाल

(नोट : इस सूची में शिक्षक व कार्यालय प्रतिनिधि सम्मिलित नहीं हैं।)

हमारे प्रेरणा स्रोत

प्रबन्ध समिति का गठन - 05-05-2024

प्रबन्ध समिति के वर्तमान पदाधिकारी जिनके मार्गदर्शन में महाविद्यालय निरन्तर विकासशील है ।

श्री रमेश कुमार अग्रवाल
संरक्षक

श्री संजय मालीवाल
अध्यक्ष

श्री लीलाधर अरोड़ा
उपाध्यक्ष

श्री योगेश कुमार जैन
मंत्री

श्री मुन्नालाल गुप्ता
उपमंत्री

श्री उमेश कुमार गुप्ता
कोषाध्यक्ष

प्राचार्य का सन्देश

प्रिय छात्र-छात्राओं,
सम्मानित नगर व क्षेत्रवासियों।

जगदीश सरन हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अमरोहा के नवीन शैक्षिक सत्र-2022-23 में आपका हार्दिक स्वागत है। मुझे प्रसन्नता है कि हमारी प्रबंध समिति के कुशल निर्देशन में इस महाविद्यालय द्वारा बौद्धिक संपदा शैक्षिक पर्यावरण के संरक्षण, संवर्द्धन व व्यवस्थापन के लिए निरन्तर प्रयत्न व पुरुषार्थ किया जाता है, जिसमें सुयोग्य शिक्षक साथियों एवं शिक्षणेत्तर सहयोगियों का सदैव सक्रिय एवं सृजनात्मक सहयोग रहता है। मैं, महाविद्यालय की प्रबंध समिति तथा शैक्षणिक परिवार के सभी घटकों का नये सत्र में हार्दिक अभिनन्दन करता हूँ।

वस्तुत: शिक्षा आजीवन चलने वाली एक सतत प्रक्रिया है, जो जनमानस में नवचेतना का संचार करती है। यह सुखद है कि 29 जुलाई 2020 को भारत सरकार द्वारा नई शिक्षा नीति-2020 की उद्घोषणा की गई और सत्र 2021-22 में इसे लागू कर दिया गया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के द्वारा शिक्षा जगत में क्रांतिकारी परिवर्तन होंगे। मातृभाषा, क्षेत्रीय भाषा व राष्ट्र भाषा के माध्यम से पठन-पाठन के कारण भारतीय भाषाओं के संरक्षण व संवर्द्धन का मार्ग प्रशस्त होगा, स्नातक स्तर पर वर्षानुक्रम में सर्टिफिकेट, डिप्लोमा व डिग्री की व्यवस्था होगी, व 'भारत उच्च शिक्षा परिषद' के सानिध्य में, तकनीक, व्यवसाय, शोध व स्वावलम्बन परक शिक्षा के नित् नूतन आयाम स्थापित होंगे।

वास्तव में शिक्षा से प्रगति के मार्ग प्रशस्त होते हैं। शिक्षा के द्वारा ही सद्जीवन मार्ग में आने वाली बाधाओं को दूर किया जा सकता है। शिक्षा मानवोत्थान की दिशा में एक समग्र प्रयास है। शिक्षा से संस्कार, संस्कृति व सभ्यता का अभ्युदय व विकास होता है। स्वनामधन्य, युगचेता, श्रद्धेय साहू जगदीश सरन जी ने सन् 1960 में इस महाविद्यालय की स्थापना की थी। प्रसन्नता की बात है कि आज यह महाविद्यालय अपने विविध संकायों व विभागों के विस्तार के साथ एक वटवृक्ष के रूप में विद्यमान है। प्रबंधतंत्र के अथक प्रयासों से पुराने परिसर के अतिरिक्त कैलसा रोड पर लगभग 50 बीघा का एक नवीन परिसर भी है, जहां विशेष रूप से श्रीराम विज्ञान संकाय संचालित है। प्राचार्य के रूप में कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता दिलाने हेतु पूर्णतया निशुल्क कोचिंग सेंटर जगदीश सरन हिंदू स्टडी सेंटर प्रारंभ किया गया है। जिसमें कोचिंग और अध्यापन हेतु महाविद्यालय के शिक्षक साथियों का भरपूर सहयोग प्राप्त हो रहा है। ज्ञात हो इस महाविद्यालय के सभी संकायों में पीएच0डी0 से अलंकृत अनुभवी प्राध्यापक हैं, जो विद्यार्थियों में अंतर्निहित प्रतिभा का विकास करने में सक्षम हैं।

"महाविद्यालय का लक्ष्य छात्र/छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को एक ऐसा अनुकूल वातावरण प्रदान करता है जिसमें सभी अपनी क्षमता के अनुरूप दैनिक जीवन में उत्कृष्टता प्राप्त करें। साथ ही हमारा उद्देश्य राष्ट्र की युवा शक्ति को वह दिशा और सामर्थ्य प्रदान करना है जिससे वह भविष्य में भय, शोषण, असमानता, अन्याय, भ्रष्टाचार और गरीबी से मुक्त तथा सर्वरूपेण समृद्ध भारत का निर्माण कर सकें। इस हेतु महाविद्यालय में युवा खेल महोत्सव 12-16 जनवरी 2024 एवं सांस्कृतिक समारोह सप्ताह के रूप में आयोजित किए गए।"

महाविद्यालय में एक समृद्ध व विशाल पुस्तकालय है, जिसमें प्रचुर मात्रा में विभिन्न संकायों से संबद्ध व NEP-2020 पर आधारित उच्चकोटि के ज्ञानवर्धक ग्रन्थ व पुस्तकें उपलब्ध हैं। साथ ही यहां इन्टरनेट व वाई-फाई की सुविधा भी उपलब्ध है। कला, वाणिज्य व विज्ञान में स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं के साथ ही विभिन्न रोजगारपरक पाठ्यक्रमों जैसे- टी.टी.एम., बी.कॉम. (ऑनर्स), बी.बी.ए., बी.सी.ए., बी.एस.सी. (बायोटैक), बी.एस.सी. (गृहविज्ञान), एम.एस.डब्ल्यू., मास कम्यूनिकेशन तथा टी.टी.एम. में पी.जी. डिप्लोमा आदि जैसे विशिष्ट पाठ्यक्रमों में प्रवेश की व्यवस्था है तथा महाविद्यालय में इग्नू (IGNOU) का केन्द्र भी स्थापित है। महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं के बौद्धिक व शारीरिक, नैतिक तथा चारित्रिक क्षमताओं के उन्नयन हेतु प्रतिवर्ष राष्ट्रीय संगोष्ठियों का आयोजन किया जाता है, जिनमें देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों से पधारे मूर्धन्य विद्वानों का मार्गदर्शन मिलता है। साथ ही, विद्यार्थियों में अंतर्निहित प्रतिभा को उजागर करने व उनमें व्यक्तित्व कला को विकसित करने के उद्देश्य से नियमित रूप से विभागीय संगोष्ठियों का भी आयोजन किया जाता है। इसी प्रकार सांस्कृतिक कार्यक्रमों, खेलकूद प्रतियोगिताओं तथा रोवर्स रेन्जर्स, एन.सी.सी. जैसी गतिविधियों के माध्यम से छात्र-छात्राओं में अनुशासन की भावना, रचनात्मक, सृजनशीलता व सामाजिक सरोकार का विकास होता है। शैक्षिक गुणवत्ता को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए शीघ्र ही 'NAAC' का मूल्यांकन भी प्रस्तावित है।

महाविद्यालय में संगठन और सुव्यवस्था को निरंतर बनाए रखने के लिए अनुशासन मण्डल, एण्टीरोमियो स्क्वायड, एण्टीरैगिंग प्रकोष्ठ और गुणवत्तापूर्ण और समृद्धशाली अनुसंधान कार्यों के लिए शोध सलाहकार समिति एक कार्यशाला का आयोजन भी किया जिसमें विभिन्न विषयों में पीएचडी हेतु शोधरत् विद्यार्थियों के लिए विद्वान मनीषियों के लैक्चर संयोजित किए गए। विदित हो यह आयोजन IQAC और NAAC एवं RAC के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। व स्वच्छता, हरियाली व पर्यावरण संरक्षण और संचालन के लिए महाविद्यालय में परिसर सौंदर्यकरण समिति और स्वच्छता समिति क्रियाशील है। मिशन शक्ति और महिला सशक्तिकरण के वर्तमान युग में छात्र-छात्राओं के मान सम्मान का विशेष ध्यान रखा जाता है। अभद्रता और उत्पीड़न को रोकने के लिए महिला उत्पीड़न विरोधी प्रकोष्ठ की भी समुचित व्यवस्था है। महाविद्यालय में ग्रामीण व निर्धन विद्यार्थियों को आर्थिक व पुस्तकीय सहायता दी जाती है। अनुसूचित जाति व अन्य विभिन्न संवर्गों के छात्र-छात्राओं को शासकीय प्रावधानों के अन्तर्गत विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध हैं।

आज महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं देश के विभिन्न अंचलों में प्राध्यापक, चिकित्सक, इंजीनियर, अधिवक्ता, न्यायाधीश तथा प्रशासनिक अधिकारी जैसे विभिन्न दायित्वों का सफलता पूर्वक निर्वहन कर रहे हैं।

आशा कि हम पूर्ण निष्ठा व समर्पण से इस दिशा में निरन्तर आगे बढ़ते रहेंगे व कुछ नया करने के लिए दृढ़ संकल्पित होंगे। इसी आशा, विश्वास व प्रतिबद्धता के साथ हार्दिक शुभकामनाएं।

आपका शुभाकांक्षी

V. V. Singh

डॉ. वीर वीरेन्द्र सिंह
प्राचार्य

चरैवेति चरैवेति

महात्मा ज्योतिबा फुले
रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली

M.J.P. Rohilkhand University, Bareilly

Message

Education can transform human life more powerfully than anything else. Since ages, India had the privilege to create knowledge society; Takshshila, Nalanda and Vikramshila Universities being the best testimony of Indian knowledge tradition. As the Vice-Chancellor of MJP Rohilkhand University, Bareilly, I deem it to be my first and foremost responsibility to create conducive environment in the University campus to generate and transmit the knowledge and fulfil the motto of "Charaiveti, Charaiveti". Whether you are a student , an alumni, a faculty member or non-teaching staff, a citizen of Uttar Pradesh or India, or just a browser, Mahatma Jyotiba Phule Rohilkhand University (MJPRU) belongs to you . MJPRU Bareilly is a conglomeration of University departments and affiliated colleges spread in the region of Rohilkhand, which covers nine districts namely, Bareilly, Moradabad, Sambhal, Rampur, Bijnore, Amroha, Budaun, Pilibhit and Shahjahanpur, which lies on the upper Ganges alluvial plain and is bounded by the Ganges Doab to the South and West, Uttarakhand to the North, Nepal to the East, and the Awadh region to the southeast. Thus area wise this is one of the largest University in Uttar Pradesh. Forty-five years' commitment to excellence, encompassing around 548 colleges and institutions, has earned us a place among the nation's one of the most accomplished and respected University. Some of our affiliated colleges possess more than 150 years of legacy of academic excellence.

I believe that every Institution is known by the quality of the students that it produces and I take it as mission to build the human capital by transforming the lives of more than 1,75,000 new alumni and over 5,00,000 students total every year who enroll for various Undergraduate and Post- Graduate programmes in the University and its affiliated colleges. Through imparting quality education to these students I want them to shine as innovative, diverse, globally engaged citizens and future leaders – enriching our ethical values, cultural heritage and outshine others by creating prosperity and serving the public good in myriad ways following the spirit of "Vasudhaiva Kutumbakam".

Mahatma Jyotiba Phule Rohilkhand University is doing the utmost to instill a "deep-rooted pride" among students for being Indian not only in thought, but also in spirit, intellect, and deeds, as well as to develop knowledge, skills, values, and dispositions that support responsible commitment to human rights, sustainable development and global well-being, which ultimately lead in making "India a global knowledge superpower".

MJPRU system is entering into the phase of implementation and execution of National Education Policy 2020 (NEP 2020) and we have to ensure that every student must enjoy a safe and stimulating learning environment, availing a wide range of learning experiences and good physical infrastructure. Our goal will be not only to attain these qualities but also to strengthen, integrate and coordinate across institutions and industries within the country and abroad. This approach will bring MJPRU to reach for new levels of excellence in teaching- learning, research, extension, innovation, entrepreneurship, and societal impact. We add value – every day – to the state of Uttar Pradesh and we plan to make MJPRU the model for public higher education Institution in the 21st century.

As you know, MJPRU administration has adopted a proactive approach by switching over to online teaching or alternative delivery mechanisms and by reducing large gatherings of students during admissions, examination and evaluation to maintain the physical distancing, that our scientific experts say, is the key to slowing the outbreak of COVID 19 pandemic. At MJPRU, your success is important to us and we are pleased to have the chance to help you attain your academic, professional and personal goals.

Sincerely,
(Prof. K. P. Singh)

हमारे महान पूर्वजों का योगदान

14 जुलाई, 1960 में अमरोहा क्षेत्र के कर्मवीर, महादानी, स्वर्गीय जगदीश सरन जी ने अपनी समस्त अचल सम्पत्ति व नकद धनराशि अर्पित करके नगर के कुछ गणमान्य नागरिकों विशेषकर स्व.रामकुमार वैद्य, स्व.रघुवीर शरण शारदा, स्व.सीताराम एवं स्व.अभिनन्दन कुमार जी जैन के सहयोग से 7 विषयों, 7 प्राध्यापकों व 60 छात्र- छात्राओं के साथ इस अविकसित क्षेत्र में इस महाविद्यालय की शुभ-स्थापना की और देश के सुप्रतिष्ठित आगरा विश्वविद्यालय से इसकी सम्बद्धता प्राप्त की। सन् 1964 में मनोविज्ञान एवं भूगोल विषय आरम्भ किये गये। सन् 1965 में तीन विषयों में स्नातकोत्तर अध्ययन (अर्थशास्त्र, राजनीतिशास्त्र एवं अंग्रेजी) की अनुमति मिलने पर यह 'स्नातकोत्तर महाविद्यालय' हो गया। सन् 1972-74 में संस्कृत, उर्दू, शिक्षाशास्त्र विषयों में स्नातक कक्षाएं एवं स्व.अभिनन्दन कुमार जैन के अथक प्रयास से हिन्दी में स्नातकोत्तर कक्षाऐं प्रारम्भ होने के साथ महाविद्यालय की प्रगति के इतिहास का दूसरा चरण प्रारम्भ हुआ। 1975 में यह महाविद्यालय रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली से सम्बद्ध हुआ। तत्कालीन प्रबन्ध समिति के मंत्री स्व.डॉ.कृष्ण केशव गोयल एवं प्रधान श्री वीरेन्द्र आर्य, शहर के संभ्रान्त नागरिकों तथा महाविद्यालय परिवार के प्रयासों से सन् 1981 में महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर वाणिज्य-संकाय का शुभारम्भ हुआ तथा सन् 1984 में भूगोल विषय में स्नातकोत्तर कक्षायें प्रारम्भ हुईं।

सन् 1983-1992 की अवधि में स्व.राधाकृष्ण टण्डन (अध्यक्ष), श्री रमेश कुमार अग्रवाल (मंत्री), स्व. धीरेन्द्र नाथ गुप्ता (मंत्री) के नेतृत्व में महाविद्यालय ने चँहुमुखी प्रगति की। वर्ष 1986-87 के दौरान यू.जी.सी. के सहयोग से महाविद्यालय में 4 नवीन कक्षों एवं भूगोल व मनोविज्ञान प्रयोगशालाओं का निर्माण कराया गया। सन् 1987 में प्रशासनिक ब्लॉक की ऊपरी मंजिल तथा विवेकानन्द ब्लॉक का निर्माण एक महान उपलब्धि थी। सितम्बर 1992 से प्रबन्ध समिति के प्रधान के रूप में नेतृत्व संभाला स्व.अभिनन्दन कुमार जैन ने और मंत्री पद का दायित्व वहन किया श्री सुधीर कुमार शारदा ने। प्रबन्धतंत्र के कुशल नेतृत्व में सम्पूर्ण महाविद्यालय परिवार एक बार फिर सर्वांगीण विकास के लिए तन-मन-धन से जुट गया। परिणामस्वरूप 1995-96 में समाजशास्त्र और वाणिज्य विषयों में स्नातकोत्तर अध्ययन- अध्यापन प्रारम्भ हो गया। श्रीयुत श्रीराम गुप्ता (सेवानिवृत्त कार्यालयाध्यक्ष) के दस लाख रुपये के दान एवं नगरवासियों के भरपूर सहयोग से महाविद्यालय में श्रीराम विज्ञान संकाय की स्थापना हुई, जिसमें 6 विषयों में बी.एस-सी. का शिक्षण सत्र 1996-97 से प्रारम्भ हुआ। निश्चय ही महाविद्यालय के गौरवशाली इतिहास में यह उपलब्धि एक महत्वपूर्ण अध्याय की शुरूआत थी। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के सहयोग से व्यवसायिक शाखा के अन्तर्गत जुलाई 1998 से पर्यटन एवं यात्रा प्रबन्धन (T.T.M.) तथा जुलाई 2001 से विज्ञापन एवं विक्रय संवर्धन (ASPSM) प्रारम्भ किया गया। जनवरी 1999 में महाविद्यालय के इतिहास में उस समय महत्त्वपूर्ण नया अध्याय जुड़ा जब नगर के सम्मानित नागरिक माननीय स्व.अभिनन्दन कुमार जैन के संरक्षकत्व में महाविद्यालय की प्रबन्ध समिति का नेतृत्व संभाला एवं डॉ.हरिओम अग्रवाल अध्यक्ष एवं श्री रमेश कुमार अग्रवाल मंत्री बने।

जुलाई 2000 से महाविद्यालय में एम.ए.मनोविज्ञान की कक्षाएं प्रारम्भ की गईं। श्री सुनील कुमार अग्रवाल की पूज्य माताजी द्वारा अपने पति स्व.सुदर्शन दयाल अग्रवाल जी की स्मृति में महाविद्यालय को एक लाख रुपये का दान महाविद्यालय के भव्य **सुदर्शन-सभागार** के लिए दिया गया।

सत्र 2001-2002 में 4 विशाल व्याख्यान कक्षों के अतिरिक्त एक भव्य कृपा ज्योति व्यायामशाला का निर्माण कराया गया। कृपा-ज्योति व्यायामशाला के निर्माण के लिए तत्कालीन मंत्री प्रबंध समिति, श्री रमेश कुमार अग्रवाल एवं उनके परिवारजनों ने एक लाख रुपये की धनराशि दान दी। 2001-02 में स्नातक विषयों में रक्षा अध्ययन, संगीत व गृहविज्ञान की कक्षाएँ प्रारम्भ की गई। महाविद्यालय की प्रगति में एक महत्वपूर्ण सोपान के रूप में जनवरी 2001 में कैलसा रोड पर 42 बीघा भूमि क्रय की गई एवं एम.एस-सी. (भौतिक एवं रसायन विज्ञान) का शुभारम्भ हुआ। 3 मार्च 2002 को प्रबन्ध समिति के निर्वाचित अध्यक्ष श्री सुमत कुमार जैन व मंत्री श्री जय गोपाल माहेश्वरी अपनी टीम के साथ महाविद्यालय के भरपूर विकास हेतु तन-मन-धन से जुट गये। वर्ष 2003-04 में बी.एड. संकाय का शुभारम्भ हुआ और प्रथम वर्ष में ही शासन से स्थायी सम्बद्धता प्राप्त हो गई। दसवीं पंचवर्षीय योजना के अन्तर्गत महाविद्यालय विकास कार्यक्रमों के लिए 6.5 लाख रुपये की राशि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली से प्राप्त हुई। कैलसा रोड स्थित 42 बीघा भूमि पर स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों के लिए एक विशाल महत्वाकांक्षी योजना के अधीन एक तीन मंजिले भव्य भवन का निर्माण कार्य सम्पन्न किया गया। नये परिसर में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली के 25 लाख रुपये के अनुदान से एक विशाल महिला छात्रावास का निर्माण कार्य पूर्ण किया गया, जिसका उद्घाटन 12 फरवरी 2006 को उच्च शिक्षा निदेशक माननीय डॉ. आर.के. बंसल द्वारा किया गया। नये परिसर में नई व्यायामशाला और खेलकूद का विशेष प्रबन्ध है।

24 अप्रैल 2005 को प्रबन्ध समिति के श्री सुमत कुमार जैन (अध्यक्ष), श्री जयगोपाल माहेश्वरी (मंत्री), श्री हरीश कुमार अरोड़ा (कोषाध्यक्ष) ने फिर एक बार महाविद्यालय के चहुँमुखी विकास का चुनौतीपूर्ण बीड़ा उठाया। जे. एस. हिन्दू कॉलिज के निरन्तर बौद्धिक विकास हेतु लगभग 5 बीघे से अधिक भूमि क्रय की जा चुकी है और एम. एस-सी. गणित एवं एम.ए. इतिहास की सम्बद्धता हेतु शासन स्तर से भरसक प्रयासों के परिणामस्वरूप वर्ष 2011-12 में एम.ए. इतिहास एवं एम.एस-सी. गणित की कक्षायें प्रारम्भ करने की अनुमति शासन एवं विश्वविद्यालय से प्राप्त हो गयी है। वर्ष 2011-12 में बी.सी.ए. कक्षाएं प्रारम्भ की गई हैं। कैलसा रोड स्थित परिसर में पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्रालय, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 35 लाख रुपयों की लागत से एक दो मंजिले महिला छात्रवास का निर्माण कराया गया है। वर्तमान समय के इस परिवर्तित वातावरण में भी परीक्षाओं में शुचिता, सर्वोच्च उत्कृष्टता, शैक्षिक स्तर एवं पूर्ण पारदर्शिता बनाये रखने की दिशा में महाविद्यालय परिवार दृढ़ संकल्प है। 20 जनवरी 2008 को सम्पन्न हुए चुनावों में निर्वाचित प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष श्री रमेश कुमार अग्रवाल और मंत्री श्री चेतन कुमार गुप्ता तथा उनके सहयोगियों ने महाविद्यालय के विकास में अपना योगदान दिया। 27 फरवरी 2011 को सम्पन्न हुए चुनावों के माध्यम से श्री विजय शंकर अग्रवाल अध्यक्ष तथा श्री सुमत कुमार जैन मंत्री निर्वाचित हुए, जिनके अनुभवी नेतृत्व में महाविद्यालय ने नए कीर्तिमान स्थापित किये। एवं महाविद्यालय के आजाद रोड परिसर में 5 नवीन भव्य कक्षों का निर्माण कार्य पूरा किया गया है। 6 जुलाई, 2014 को सम्पन्न चुनावों में श्री जय गोपाल माहेश्वरी अध्यक्ष तथा श्री सुमत कुमार जैन मंत्री निर्वाचित हुए 30 अप्रैल 2017 को सम्पन्न चुनाव में श्री रमेश कुमार अग्रवाल, अध्यक्ष तथा श्री गिरीश चन्द्र अग्रवाल, मंत्री एवं श्री हरीश कुमार अरोडा, कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए। इन्हीं के प्रयासों से एम.एस.डब्ल्यू. एवं एम.एस-सी. वनस्पति विज्ञान बी.कॉम. आनर्स एवं बी.एस.सी. होम साइंस की स्थायी मान्यता प्राप्त हो चुकी है एवं एम.ए. शिक्षाशास्त्र एवं एम.ए., उर्दू की कक्षाएं प्रारम्भ हो सकीं।

महाविद्यालय के बढ़ते कदम

05 मई 2024 को सम्पन्न हुए प्रबन्ध समिति के चुनाव में नवीन कार्यकारिणी का गठन हुआ। जिसमें शामिल पदाधिकारी हैं श्री रमेश कुमार अग्रवाल-संरक्षक, श्री संजय मालीवाल-अध्यक्ष, श्री लीलाधर अरोड़ा-उपाध्यक्ष, श्री योगेश कुमार जैन-मंत्री, श्री मुन्नालाल गुप्ता-उपमंत्री, श्री उमेश कुमार गुप्ता-कोषाध्यक्ष।

वर्तमान प्रबन्ध समिति का यह मानना है कि अपूर्णताओं से भरे संसार में पूर्णता का पर्याय मानसिक दक्षता है और इस दक्षता का सीधा सम्बन्ध शिक्षा से है। शिक्षा से असाधारण उत्कृष्टता, सभ्यता तथा उन्नति के शिखर प्राप्त किये जा सकते हैं। ऐसे ही मानवीय विचारों को स्वयं में संजोये यह महाविद्यालय आपकी सेवा में तत्पर है।

''एक अच्छी शैक्षणिक संस्था वह है जिसमें प्रत्येक विद्यार्थी का स्वागत किया जाता है और उसकी देखभाल की जाती है, जहाँ एक सुरक्षित और प्रेरणादायक शिक्षण वातावरण मौजूद होता है, जहाँ सभी विद्यार्थियों को सीखने के लिए विविध प्रकार के अनुभव उपलब्ध कराए जाते हैं और जहाँ सीखने के लिए अच्छे बुनियादी ढांचे और उपयुक्त संसाधन उपलब्ध हैं। ये सब हासिल करना प्रत्येक शिक्षा संस्थान का लक्ष्य होना चाहिए। तथापि, साथ ही विभिन्न संस्थानों के बीच और शिक्षा के हर स्तर पर परस्पर सहज जुड़ाव और समन्वय आवश्यक है।''

योगेश कुमार जैन
मंत्री, प्रबंध समिति

''शैक्षिक प्रणाली का उद्देश्य अच्छे इंसानों का विकास करना है जो तर्कसंगत विचार और कार्य करने में सक्षम हो, जिसमें करुणा और सहानुभूति, साहस और लचीलापन, वैज्ञानिक चिंतन और रचनात्मक कल्पनाशक्ति, नैतिक मूल्य और आधार हों। राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उद्देश्य ऐसे उत्पादक लोगों को तैयार करना है जोकि अपने संविधान द्वारा परिकल्पित समावेशी, और बहुलतावादी समाज के निर्माण में बेहतर तरीके से योगदान करें।''

डॉ. वीर वीरेंद्र सिंह
प्राचार्य

प्रबंध समिति और प्राचार्य जी के संयुक्त प्रयास से महाविद्यालय ने अल्पकालिक समय में अभूतपूर्व प्रगति की है। जहां एक ओर महाविद्यालय को बेहतर तरीके से सुसज्जित और व्यवस्थित करने का प्रयास किया गया, वहीं अकादमिक, शैक्षणिक, सांस्कृतिक, सामाजिक क्षमताओं को विकसित करने हेतु यथेष्ट उपक्रम किए गए, साथ ही दूसरी ओर खेलकूद, शारीरिक और योग के द्वारा विद्यार्थियों के समग्र व्यक्तित्व विकास को भी प्राथमिकता में रखा गया।

विगत सत्र में महाविद्यालय के विशिष्ट उल्लेखनीय कार्य निम्नवत है :

1. महाविद्यालय की प्रतिष्ठा अनुसार तीन मुख्य द्वार का निर्माण।
2. समृद्धशाली आयोजनों हेतु अभिनंदन जैन सभागार का विस्तारीकरण, नवीनीकरण, सौंदर्यकरण व फर्नीचर की समुचित व्यवस्था।
3. विशिष्ट अतिथि कक्ष का नवीनीकरण व सौंदर्यकरण।
4. सुदर्शन सभागार का सौंदर्यकरण व फर्नीचर की समुचित व्यवस्था।
5. नकल विहीन व शुचिता पूर्ण परीक्षा हेतु परीक्षा कक्ष कैमरों से सुसज्जित।
6. समुचित शिक्षण और विद्यार्थियों के बैठने के लिए फर्नीचर की व्यवस्था।
7. रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की व्यवस्था।
8. महाविद्यालय परिसर (आजाद रोड स्थित) के पृष्ठ भाग में अनावश्यक और हानिकारक आवागमन को रोकने के

लिए विशालतम दीवार का निर्माण।

9. 'भारतीय अंतरिक्ष सप्ताह' (11–18 अगस्त 2023) का भूगोल विभाग द्वारा आयोजन।
10. 'जनपद स्तरीय संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता' (04 सितंबर 2023) का संस्कृत विभाग द्वारा आयोजन।
11. महाविद्यालय द्वारा 'शिक्षक दिवस' का आयोजन। (5 सितंबर 2023)
12. 'हिंदी दिवस' पर 'हिंदी भाषा जन-जन की अभिलाषा' (14 सितंबर 2023) कार्यक्रम का हिंदी विभाग द्वारा आयोजन।
13. 'ओजोन दिवस' (16 सितंबर 2023) का भूगोल विभाग और टीटीएम विभाग द्वारा आयोजन।
14. 'अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस' (21 सितंबर 2023) का आयोजन।
15. 'राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस' का (24 सितंबर 2023) को आयोजन।
16. गांधी जयंती का समारोह पूर्वक आयोजन।
17. 'ऑनलाइन शैक्षिक संसाधनों पर एक दिवसीय कार्यशाला' का (04 अक्टूबर 2023) को आइक्यूएसी द्वारा आयोजन।
18. 'संस्थापक दिवस समारोह' का आयोजन (10 अक्टूबर 2023)
19. 'विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस' (10 अक्टूबर 2023) का विज्ञान संकाय द्वारा आयोजन।
20. 'International day for disaster reduction' का 13 October 2023 को भूगोल विभाग द्वारा आयोजन।
21. विश्वविद्यालय स्तरीय 'अंतर्महाविद्यालय वॉलीबॉल प्रतियोगिता' का 14 अक्टूबर 2023 को आयोजन।
22. 'Departmental seminar on 'Literature and environment' का 15 October 2023 को अंग्रेजी विभाग द्वारा आयोजन।
23. 'विश्व एकता दिवस' का (31 अक्टूबर 2023) को राष्ट्रीय सेवा योजना और सांस्कृतिक समिति द्वारा आयोजन।
24. 'यातायात माह' (01 नवंबर से 30 नवंबर तक) का राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजन।
25. 'ICSSR Sponsored National seminar on "Indigenous Knowledge System: A Leading Way to Sustainability" का (05–06 November 2023) को समाजशास्त्र विभाग द्वारा आयोजन।
26. 'गुरु नानक जयंती' (08 नवंबर 2023) का आयोजन।
27. 'विश्वविद्यालय स्तरीय अंतर्महाविद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता' (18 नवंबर 2023) का सफल आयोजन।
29. 'संविधान दिवस' का 26 नवंबर 2023 को राजनीति शास्त्र विभाग द्वारा आयोजन।
30. विश्व एड्स दिवस -01 दिसंबर 2023 का विज्ञान संकाय द्वारा आयोजन।
31. विश्व मानवाधिकार दिवस 10 दिसंबर 2023 का राजनीति शास्त्र विभाग द्वारा आयोजन।
32. आयुर्वेद पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन 13 दिसंबर 2023
33. अंतरिक्ष सप्ताह 22 दिसंबर 2023 भूगोल विभाग द्वारा आयोजित।
34. विश्व हिंदी दिवस 10 जनवरी 2024 हिंदी विभाग द्वारा आयोजित।
35. राष्ट्रीय युवा दिवस 12 जनवरी 2024 सांस्कृतिक समिति द्वारा आयोजित।
36. गणतंत्र दिवस समारोह 26 जनवरी 2024 को आयोजित।
37. खेल सप्ताह 12 से 16 फरवरी 2024 को आयोजित।

38. रक्तदान शिविर 16 फरवरी 2024 को आयोजित।
39. महर्षि दयानंद सरस्वती जयंती समारोह 15 फरवरी 2024 आयोजित।
40. युवा महोत्सव 26 फरवरी से 2 मार्च के मध्य सांस्कृतिक समिति द्वारा आयोजित।
41. 'राष्ट्रीय सुरक्षा की वर्तमान स्थिति और प्रमुख चुनौतियां' विषय पर 9 मार्च 2024 को रक्षा अध्ययन विभाग द्वारा संगोष्ठी आयोजित।
42. पर्यावरणीय अवनयन : चुनौतियां एवं समाधान 14 मार्च 2024 को भूगोल विभाग द्वारा आयोजित संगोष्ठी।
43. ''भारतीय दर्शन की वर्तमान शिक्षा में प्रासंगिकता'' विषय पर 15 मार्च 2024 को शिक्षा शास्त्र विभाग द्वारा संगोष्ठी का आयोजन।
44. 'वर्तमान परिवेश में युवाओं पर सामाजिक नियंत्रण का प्रभाव' विषय पर समाजशास्त्र विभाग द्वारा संगोष्ठी का आयोजन (18 मार्च 2024)
45. गांधी युग और जन आंदोलन विषय पर इतिहास विभाग द्वारा संगोष्ठी का आयोजन (18 मार्च 2024)
46. "Social welfare in digital age" विषय पर बीसीए विभाग द्वारा संगोष्ठी का आयोजन (18 मार्च 2024)
47. 'गालिब की शायरी की असरी मान्यता' विषय पर उर्दू विभाग द्वारा संगोष्ठी का आयोजन (18 मार्च 2024)
48. 'लोकतंत्र, मुद्दे, चुनौतियां, समस्या, समाधान विषय पर राजनीति शास्त्र विभाग द्वारा संगोष्ठी का आयोजन (21 मार्च 2024)
49. World forest day पर विज्ञान संकाय द्वारा संगोष्ठी का आयोजन (21 मार्च 2024)
50. 'गृह विज्ञान का महत्व एवं अन्य विषयों से इसका संबंध' विषय पर गृह विज्ञान विभाग द्वारा संगोष्ठी का आयोजन (22 मार्च 2024)
51. 'महावीर जयंती समारोह' सांस्कृतिक समिति द्वारा आयोजित (04 अप्रैल 2024)
52. विश्व स्वास्थ्य दिवस पर विज्ञान संकाय द्वारा संगोष्ठी का आयोजन (07 अप्रैल 2024)
53. अंबेडकर जयंती समारोह (14 अप्रैल 2024) को आयोजित।
54. "Python and Space Science" विषय पर भूगोल विभाग द्वारा संगोष्ठी का आयोजन (19 अप्रैल 2024)
55. "Civil Services day" का सिविल अधिकारियों के साथ स्तरीय आयोजन (21 अप्रैल 2024)
56. "Awareness Drive on Fire Extinguisher" का आयोजन (24 अप्रैल 2024)
57. विश्व श्रमिक दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन 01 में 2024
58. बुद्ध पूर्णिमा समारोह सांस्कृतिक समिति द्वारा आयोजित 05 में 2024
59. "National Workshop on Research Methodology in Social Sciences and Humanities" IQAC एवं RAC के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित 06 से 11 मई 2024 तक।

आइये पुनः हम-आप सब महाविद्यालय का विकास व शैक्षिक वातावरण बनाये रखने के गुरुतर कार्य में तन-मन-धन से जुट जयें

महाविद्यालय का प्राध्यापक वर्ग

महाविद्यालय में विभिन्न विषयों के सुयोग्य एवं प्रतिभाशाली 48 स्थाई और 40 अस्थाई अध्यापक कार्यरत हैं। अभी 11 स्थाई अध्यापकों के पद अभी रिक्त हैं और उनके शीघ्र आने की संभावना है। **प्राचार्य प्रो. (डॉ.) वीर वीरेंद्र सिंह** सहित अधिकांश प्राध्यापक पी-एच.डी. की उपाधि से अलंकृत हैं। प्राचार्य जी सहित **प्रो. संजय शाही, प्रो. अनिल रायपुरिया, प्रो. बीना रुस्तगी, श्री निखिल कुमार दास, प्रो. मनन कौशल, डॉ. हरेंद्र कुमार, डॉ. बबलू सिंह, डॉ. नवनीत कुमार विश्नोई, डॉ. मनमोहन सिंह, डॉ. मौहम्मद तारिक, डॉ. राजनलाल, डॉ. अनुराग पांडे** अपने-अपने विषयों की उच्च कोटि की पुस्तकों के लेखक हैं एवं आज भी लेखन कार्य में व्यस्त हैं। उपर्युक्त सभी के साथ ही लगभग सभी प्राध्यापकों के लेख देश की अनेक पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं।

॥ शोध निर्देशन ॥

महाविद्यालय के **प्राचार्य प्रोफेसर वीर वीरेंद्र सिंह** के निर्देशन में वर्तमान में तीन शोधार्थी शोध कार्य करने में संलग्न हैं। आपके अतिरिक्त **प्रोफेसर अनिल रायपुरिया** (वाणिज्य विभाग), **प्रोफेसर बीना रुस्तगी, डॉ. बबलू सिंह, डॉ. सविता, डॉ. विशेष कुमार राय, डॉ. ऋतुराज यादव** (हिंदी विभाग), **प्रोफेसर मनन कौशल, डॉ. गौरव सिंह** (अर्थशास्त्र विभाग), **डॉ. हरेंद्र कुमार, डॉ. अनुराग कुमार पाण्डेय, डॉ. जितेंद्र कुमार** (समाजशास्त्र विभाग), **डॉ. मनमोहन सिंह, डॉ. रश्मि गुप्ता** (राजनीति शास्त्र विभाग), **डॉ. अरविंद कुमार** (संस्कृत विभाग), **डॉ. मोहम्मद तारिक व डॉ. राजन लाल** (अंग्रेजी विभाग), **डॉ. आभा सिंह** (शिक्षा शास्त्र विभाग), **डॉ. संगीता धामा, डॉ. विजय यादव** (भूगोल विभाग), **डॉ. सचिन कुमार** (मनोविज्ञान विभाग) शोध निर्देशन का कार्य कर रहे हैं।

शोध कार्य हेतु यूजीसी से विभिन्न विषयों के छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय में छात्रवृत्ति प्रदान की गई है।

शोध पत्रिका (Research Journal)

"जे.एस.एच. जर्नल ऑफ सोशल साइंसेज एण्ड ह्यूमैनिटीज़" प्रारम्भ हो गया है। यह एक ओपन एक्सेस, डबल-ब्लाइंड पीयर-रिव्यू/रेफरीड मल्टीडिसिप्लिनरी द्विभाषी (हिन्दी और अंग्रेजी) जर्नल है। जो मानसून संस्करण 2022 (भाग-1 अंक-1) के लिए उत्कृष्ट, अप्रकाशित तथा मौलिक आलेख/शोध/समीक्षा/अध्ययन आलेख व शोध पत्र आमंत्रित कर रहा है। आलेख को इलैक्ट्रॉनिक रूप से ई-मेल के माध्यम से संपादक को प्रेषित किया जा सकता है अथवा ऑनलाइन अपलोड किया जा सकता है। सभी आलेखों को एम.एस. वर्ड प्रारूप में ही तैयार कर प्रेषित करें।

विशेष : यह अत्यन्त हर्ष का विषय है कि जे.एस. हिन्दू (पी.जी.) कॉलेज को SWAYAM NPTEL के Local Chapter का दर्जा प्राप्त हो चुका है। SWAYAM कोर्सेज से संबंधित जानकारी हेतु डॉ. अनुराग पाण्डेय, असिस्टेन्ट प्रोफेसर, समाजशास्त्र विभाग से सम्पर्क करें।

॥ पुस्तकालय ॥

महाविद्यालय के पुस्तकालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर आधारित सभी विषयों की उच्च कोटि की पुस्तकें उपलब्ध हैं। पुस्तकालय पूर्णतया वाईफाई युक्त है। लाइब्रेरी ऑनलाइन ऑटोमेशन के लिए यूजीसी से स्वीकृत सॉफ्टवेयर क्रय किया गया है और वह वर्तमान में क्रियाशील है। विभिन्न विषयों के Journals भी उपलब्ध हैं। पुस्तकालय में वाचनालय की सुविधा भी उपलब्ध है जिसमें प्रमुख दैनिक समाचार पत्र पत्रिकाएं और प्रतियोगी पत्रिकाएं विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध हैं जिन्हें वे अपना परिचय पत्र देकर वही पढ़ने हेतु प्राप्त कर सकते हैं। महाविद्यालय में कैरियर काउंसलिंग की भी व्यवस्था है। इस हेतु उत्कृष्ट प्रतियोगी पुस्तकें एवं मैगजीन पुस्तकालय में उपलब्ध हैं। महाविद्यालय के कैलसा रोड परिसर के विज्ञान पुस्तकालय में विज्ञान विषयों की पुस्तकें राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर आधारित पाठ्यक्रम सहित पर्याप्त मात्र में उपलब्ध हैं।

॥ बुक-बैंक ॥

महाविद्यालय में बुक-बैंक की सुविधा है जिसमें योग्य, निर्धन तथा अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को पूरे वर्ष के लिए पुस्तकें उपलब्ध करायी जाती हैं। प्रवेश के उपरान्त छात्र/छात्रायें निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन पुस्तकालयाध्यक्ष को दे सकते हैं। चयनित छात्र/छात्राओं के नाम सूचना पट पर लगा दिये जाते हैं जो 100 रुपये जमानत शुल्क जमा करके पुस्तकें प्राप्त कर सकते हैं, जिनमें से 20 रुपये प्रतिवर्ष बुक-बैंक के विकास हेतु काट लिये जाते हैं। वर्ष के अन्त में अथवा सूचना पर पुस्तकें वापस लौटानी पड़ती हैं। पुस्तक वापस ना कर पाने की स्थिति में पुस्तक का मूल्य जमा करना होता है। आवेदन की तिथि सूचना-पट पर घोषित की जाती है।

चेतना

सम्पादक मण्डल

डॉ. बबलू सिंह (मुख्य सम्पादक)

सदस्य	**सदस्य**
डॉ. अरविन्द कुमार	**डॉ. सविता**
डॉ. राजनलाल	**डॉ. विशेष कुमार राय**
श्री नागेन्द्र प्रसाद मौर्य	**सुश्री गीतांजलि**
डॉ. सईदुल हसन	

महाविद्यालय के विद्यार्थियों में सृजनात्मक, समीक्षात्मक, भावात्मक, विवेचनात्मक तथा आलोचनात्मक लेखन गुण पैदा करने के लिए एक उच्च कोटि की पत्रिका चेतना प्रत्येक वर्ष प्रकाशित की जाती है। पत्रिका में अपने मौलिक लेख देने के इच्छुक विद्यार्थी एवं सदस्य सम्पादक मण्डल से सम्पर्क करें।

एन.सी.सी.

लेफ्टिनेंट मोहित कुमार (प्रभारी)

महाविद्यालय में छात्र/छात्रा दोनों इकाईयों का प्रावधान है। एन.सी.सी. में प्रवेश के इच्छुक छात्र/छात्राएं निर्धारित प्रपत्र प्रारूप पर आवेदन कर सम्बन्धित प्रभारियों से सम्पर्क कर सकते हैं। एन.सी.सी. में प्रवेश केवल स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को ही मिलेगा। महाविद्यालय की एन.सी.सी. की छात्राओं ने जनपद में 33 UP BN NCC द्वारा आयोजित DRILL COMPITION में गत वर्ष प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

राष्ट्रीय सेवा योजना

डॉ. सविता (प्रभारी, छात्रा इकाई)

डॉ. पीयूष कुमार शर्मा (प्रभारी, छात्र इकाई)

महाविद्यालय में छात्र व छात्राओं के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) की व्यवस्था भी है, जिसका कार्य राष्ट्र निर्माण में छात्र-छात्रओं का योगदान देना है। राष्ट्रीय सेवा योजना में केवल स्नातक स्तर के छात्र-छात्राएं ही प्रवेश पा सकते हैं। प्रवेश हेतु निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन कर छात्र-छात्रायें योजना अधिकारी डॉ. पीयूष कुमार (इतिहास विभाग) व डॉ. सविता (हिन्दी विभाग) से सम्पर्क करें। वर्ष में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन निकटवर्ती किसी गाँव में किया जाता है जिसमें छात्र/छात्राएँ रात-दिन यहाँ रहकर कार्य करते हैं। इस प्रमाण-पत्र के आधार पर बी.एड., एल.एल.बी. एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं आदि में प्रवेश में प्राथमिकता मिल सकता है। राज्य स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में भी यह उपयोगी है।

रोबर्स रेंजर्स

डॉ. नीरज त्यागी (प्रभारी, छात्रा इकाई)

डॉ. उमेश कुमार (प्रभारी, छात्र इकाई)

महाविद्यालय में उत्तर प्रदेश भारत स्काउट और गाइड द्वारा निर्देशित रोवर्स/ रेंजर्स इकाई की भी व्यवस्था है। रोवर्स/ रेंजर्स शिक्षण और प्रशिक्षण के द्वारा छात्राओं में राष्ट्र सेवा, राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रभक्ति की भावना व चेतना को जागृत करने का प्रयास किया जाता है। साथ ही रोवर्स शिक्षण प्रशिक्षण छात्रों को अभावों, खतरों, में जीने के साथ साथ चरित्र निर्माण, सामाजिक समरसता, चिकित्सा व्यवस्था, बौद्धिक क्षमताओं का विकास, शारीरिक क्षमताओं व साधनों का प्रतिकूल परिस्थितियों में प्रयोग की क्षमता में विकास की प्रेरणा देता है। रोवर्स रेंजर्स में भी प्रवेश स्नातक प्रथम वर्ष के आधार पर ही दिया जाता है। इच्छुक छात्र-छात्राएं निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन करने हेतु इकाई प्रभारी डॉ. नीरज त्यागी, अंग्रेजी विभाग और डॉ. उमेश कुमार, भूगोल विभाग से सम्पर्क कर सकते हैं। रेलवे और सैनिक भर्ती परीक्षाओं में भी यह उपयोगी है।

रेलवे कन्सेशन

डॉ. प्रदीप कुमार (समन्वयक)

श्री सुरेन्द्र पाल सिंह (कार्यालय सहायक)

जो छात्र-छात्राएँ निकटवर्ती क्षेत्रों से रेल द्वारा प्रतिदिन कॉलिज आते हैं उन्हें आवेदन करने पर त्रैमासिक रेलवे कन्सेशन सुविधा उपलब्ध होगी। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों को कॉलिज अवकाश के दिनों में अपने घर (स्थाई पते पर) जाने के लिए मी कन्सेशन टिकट को सुविधा प्राप्त होती है। इस सन्दर्भ में छात्र-छात्राएँ डॉ. संजय शाही से सम्पर्क कर श्री सुरेन्द्र पाल सिंह (कार्यालय सहायक) में फार्म प्राप्त करें।

खेलकूद, व्यायाम एवं चिकित्सा व्यवस्था

खेल	प्रभारी	विभाग
1. प्रभारी	प्रो. अनिल रायपुरिया	गेम्स
2. सह प्रभारी	डॉ. गौरव सिंह	गेम्स
3. एथलेटिक्स	श्री संदीप कुमार	गेम्स
4. कबड्डी (पुरुष)	डॉ. जावेद	हिन्दी
5. कबड्डी (महिला)	डॉ. संगीता धामा	भूगोल
6. खो-खो (महिला)	डॉ. संगीता धामा	भूगोल
7. बैडमिन्टन (पुरुष)	श्री देवेन्द्र कुमार	भूगोल
8. बैडमिन्टन (महिल)	डॉ. गीतांजलि	इंग्लिश
9. क्रिकेट	डॉ. मनोज कुमार	भूगोल
	डॉ. नीरज कुमार	इंग्लिश
10. वॉलीबाल	श्री संदीप चौधरी	गेम्स
11. बास्केटबाल	श्री योगेन्द्र कुमार	शारीरिक शिक्षा
12. शतरंज	श्री नरेन्द्र शर्मा	भूगोल
13. योग (पुरुष)	श्री संदीप चौधरी	गेम्स
14. योग (महिला)	श्री नरेन्द्र शर्मा	भूगोल
15. फुटबाल	श्री संदीप चौधरी	गेम्स
16. टेबल टेनिस	डॉ. सचिन कुमार	मनोविज्ञान
17. कुश्ती	श्री नागेंद्र प्रसाद मौर्या	इंग्लिश
18. हैंडबाल	श्री संदीप कुमार	गेम्स

खेलकूद और व्यायाम विद्यार्थी जीवन में आदित्य महत्व रखते हैं। यह मानसिक, शारीरिक और सामाजिक विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं। इनसे विद्यार्थियों में नेतृत्व, आज्ञा पालन, समान लक्ष्य के लिए मिलकर काम करना, खेल की भावना, साहस, सहनशीलता जैसे आवश्यक सद्गुणों का विकास होता है। साथ ही शरीर की अच्छी कसरत भी हो जाती है। उपर्युक्त गुणों से सम्पन्न, स्वस्थ शरीर के विद्यार्थी ही सकारात्मक रूप से सोचने, संघर्ष करने और जीतने की क्षमता जैसे गुणों को धारण करते हैं। आगे चलकर ऐसे विद्यार्थी ही देश के योग्य नागरिक बन सकते हैं।

महाविद्यालय में विद्यार्थियों के सम्यक शारीरिक एवं मानसिक विकास हेतु पर्याप्त सुविधाएं विद्यमान है। सर्वमान्य धरना भी है कि 'एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है।' विद्यार्थियों में खेल भावना की प्रेरणा, चेतना, उद्भव, विकास और संवर्धन के लिए महाविद्यालय में इंडोर गेम्स और आउटडोर गेम्स एवं जिम की समुचित व्यवस्थाएं उपलब्ध हैं। खेलों की समुचित व्यवस्था हेतु क्रिकेट में श्री मनोज सिंह एवं श्री नीरज कुमार, बैडमिंटन में डॉ. देवेंद्र कुमार एवं डॉ0 गीतांजलि....., को प्रभारी नियुक्त किया गया है। प्राचार्य जी के इस सुव्यस्थित प्रयास से महाविद्यालय के एथलीट्स ने 48वीं अंतर महाविद्यालय एथलेटिक्स टूर्नामेंट में 4 स्वर्ण पदक छह रजत पदक और तीन कांस्य पदक सहित कुल 13 पदक प्राप्त किये। महाविद्यालय की महिला एथलेटिक्स टीम चौंपियनशिप ट्रॉफी जीतने में सफल रही। महाविद्यालय की होनहार और यशस्वी छात्रा हिमांशी चौधरी एथलेटिक्स टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का खिताब पाने में सफल रही। इस प्रतियोगिता में पुरस्कार विजेता खिलाड़ियों के नाम इस प्रकार हैं :

1- हिमांशी चौधरी- लंबी कूद- स्वर्ण पदक

2- हिमांशी चौधरी- ट्रिपल जंप- स्वर्ण पदक

3- महिला रिले रेस चार * 100 स्वर्ण पदक
4- हरेंद्र - हैमर थ्रो - स्वर्ण पदक
5- तनीषा चौधरी- जैवलिन थ्रो- रजत पदक
6- महिला -रिले रेस 4 * 400 - रजत पदक
7- हर्डल रेस - 400 मी - रजत पदक
8- अर्पित चौधरी- लंबी कूद- रजत पदक
9- नितिन डिस्कस- थ्रो - रजत पदक
10- कार्तिक चौधरी -जैवलिन थ्रो- रजत पदक
11-पुरुष -रिले रेस 100 * 400- कांस्य पदक
12- कार्तिक चौधरी- गोला फेक- कांस्य पदक
13- गुरजीत -हैमर थ्रो- कांस्य पदक

बरेली में युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विभाग दल विभाग के तत्वाधान में उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के अंतर्गत आयोजित हुई बैडमिंटन एकल प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा पारस चौधरी ने प्रथम स्थान जबकि जूनियर वर्ग में बीए द्वितीय वर्ष की ही छात्र लक्ष्मी ने जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

महाविद्यालय की समृद्धशाली खेल परंपरा को देखते हुए विश्वविद्यालय द्वारा समय-समय पर अंतर्महाविद्यालय खेलकूद आयोजनों की जिम्मेदारी पूर्व से ही महाविद्यालय को मिलती रही है। गत वर्ष विश्वविद्यालय स्तरीय अंतर महाविद्यालय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का 14 अक्टूबर 2023 को वह अंतर्महाविद्यालय महिला कबड्डी प्रतियोगिता का 18 नवंबर 2023 को महाविद्यालय द्वारा सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। विद्यार्थियों की खेलों में रुचि के प्रोत्साहन और उन्नयन के लिए दिनांक 12 से 16 फरवरी 2024 के मध्य 'युवा खेल सप्ताह' का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 400 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग कर, आयोजन को गरिमा प्रदान की। पूर्व से ही महाविद्यालय में क्रिकेट, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, वॉलीबॉल, शतरंज, बॉल बैडमिंटन, कुश्ती, कबड्डी, खो-खो, एथलेटिक्स, फुटबॉल और हॉकी आदि खेलों का आयोजन होता रहा है। क्रिकेट की लोकप्रियता को देखते हुए एक बेहतरीन और स्थाई 'क्रिकेट पिच' का भी निर्माण किया गया है। विद्यार्थियों को खेलकूद के लिए प्रोत्साहित किया जाता है एवं विश्वविद्यालय, राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर दिया जाता है इसी के फलस्वरूप महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय राज्य स्तरीय और राष्ट्रीय स्तरीय खेलों में अपनी चमक बिखेर चुके हैं। विभिन्न खेलों में संलग्न इच्छुक छात्र-छात्राएं अपनी रुचि और सुविधा अनुसार टीम प्रभारियों से संपर्क कर अपनी खेल क्षमता और योग्यता का उन्नयन कर सकते हैं। विदित हो प्राचार्य जी द्वारा नियुक्त सभी टीम प्रभारी बड़ी ही निष्ठा, मनोयोग और तत्परता से महाविद्यालय में खेलों की गति प्रगति के लिए अपने दायित्वों का निर्वाह कर रहे हैं।

'कृपा ज्योति' व्यायामशाला आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित है। महाविद्यालय में व्यायाम और योग आदि गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए समय-समय पर उत्कृष्ट आयोजन किए जाते हैं। स्वस्थ शारीरिक विकास और जिम आदि गतिविधियों को बढ़ाने के लिए महाविद्यालय में योग्य और विशेषज्ञ प्रशिक्षक नियुक्त हैं। प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा के पत्र पत्रांक संख्या-62470-1/2014 दिनांक-17/ 06/ 2014 को उत्तर प्रदेश शासन द्वारा अध्ययनरत सभी छात्राओं को मिशन शक्ति और महिला सशक्तिकरण मिशन के अंतर्गत शारीरिक शिक्षण जैसे मार्शल आर्ट आदि का प्रशिक्षण समय-समय पर प्रदान किया जाता है। अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए समय-समय पर आयोजन किए जाते हैं। महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को आवश्यकता पड़ने पर चिकित्सा सुविधा भी उपलब्ध है।

जन-सूचना एवं सम्पर्क विभाग

जनसूचना अधिकार के अन्तर्गत माँगी जाने वाली सूचनायें महाविद्यालय द्वारा नियुक्त जन सूचना अधिकारी से प्राप्त की जा सकती है।

डॉ. प्रदीप कुमार (जन सूचना अधिकारी)
डॉ. रश्मि गुप्ता (जन सूचना अधिकारी)

इंग्लिश लैंग्वेज लैब

श्री हिमांशु शर्मा (समन्वयक)

महाविद्यालय में अंग्रेजी के ज्ञानवर्द्धन, सम्भाषण व विकास हेतु एक **'इंग्लिश लैंग्वेज लैब'** भी स्थापित है। इस संदर्भ में **डॉ. हिमांशु शर्मा** से सम्पर्क किया जा सकता है।

छात्रवृत्तियाँ

आवेदन पत्र के साथ ही जाति प्रमाण-पत्र और आय-प्रमाण पत्र तथा हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की अंकतालिका कार्यालय में जमा किया जाना अनिवार्य है। छात्र-छात्राएं अपना खाता किसी भी स्थानीय बैंक शाखा में खुलवाएं। छात्रवृत्ति का धन विद्यार्थियों के खातों में सीधे शासन द्वारा जमा कराया जाता है खाते में जमा न होने की दशा में छात्र-छात्राये महाविद्यालय में कर सीधे समाज कल्याण विभाग से सम्पर्क करें। **छात्रवृत्ति फार्म भरते समय आधार कार्ड का नं० अनिवार्य है। आधार कार्ड उपलब्ध न होने की दशा में शासन में छात्रवृत्ति प्राप्त नहीं होगी। जिन विद्यार्थियों का आधार कार्ड नहीं है। यह शीघ्र अपना आधार कार्ड बनवायें, आधार कार्ड के बिना छात्रवृत्ति फार्म स्वीकार नहीं किया जायेगा।**

डॉ. मनन कौशल नोडल प्रभारी (छात्रवृत्ति)

A. अनुसूचित जाति एवं जनजाति छात्रवृत्ति -

(कक्ष संख्या-37 Sociology Department में)

प्रभारी- 1. डॉ. हरेन्द्र कुमार
सदस्य- 2. डॉ. अनुराग कुमार पाण्डेय
3. डॉ. जितेन्द्र कुमार
4. श्री ज्ञानेश वर्मा
5. श्री सत्य प्रकाश परमार
6. श्री जितेन्द्र कुमार (इतिहास)
7. डॉ. पूनम वर्मा
8. डॉ. सीमा सिंह
9. श्रीमती प्रियंका शर्मा
कार्यालय- श्री विजय प्रकाश

B. सामान्य जाति छात्रवृत्ति-

(कक्ष संख्या-54 English Department में)

प्रभारी- 1. डॉ. हिमांशु शर्मा
सदस्य- 2. डॉ. मोहम्मद तारिक
3. डॉ. राजन लाल
4. श्री नागेन्द्र प्रसाद मौर्य
5. सुश्री गीतांजलि
6. डॉ. नीरज त्यागी
7. श्री नीरज कुमार
8. सुश्री सबीना लकी
कार्यालय- श्रीमती सीमा सिंह

C. पिछड़ा वर्ग

(कक्ष संख्या-104 Hindi Department में)

प्रभारी- 1. डॉ. बबलू सिंह
सदस्य- 2. श्री मुकेश सिंह
सदस्य- 3. डॉ. सविता
4. डॉ. विशेष कुमार राय
5. श्री रणदीप सिंह
6. श्री ऋतुराज यादव
7. डॉ. विजय यादव
8. श्री मोहम्मद जावेद
9. श्री राजीव कुमार
10. श्री अरविन्द कुमार यादव
कार्यालय- श्री नरेंद्र गोयल

D. अल्पसंख्यक एवं अन्य समस्त छात्रवृत्तियां

(कक्ष संख्या-125 Urdu Department में)

प्रभारी- 1. डॉ. मोहम्मद मूसा
सदस्य- 2. डॉ. बीना शर्मा
3. डॉ. विकास मोहन श्रीवास्तव
4. डॉ. शाज़िया बेगम
5. डॉ. सईदुल हसन
6. श्री सलमान अख्तर
कार्यालय- श्री शरद गुप्ता

नोट- १. छात्रवृत्ति हेतु छात्र-छात्राएं संबंधित कक्ष संख्या में संपर्क करें।
२. समस्त मुस्लिम छात्र/छात्राएं अल्पसंख्यक वर्ग के अन्तर्गत ही अनुमान्य हैं।

महाविद्यालय में विद्यार्थियों को दिये जाने वाले पुरस्कार प्रोत्साहन

1. **श्री देवी जैन बॉटनी रजत मैडल - स्थापित द्वारा डॉ. एस. के. जैन।**
जिस विद्यार्थी ने बी.एस-सी. I, II एवं III में वनस्पति विज्ञान में अधिकतम अंक प्राप्त किये हो, यह पुरस्कार, उस विद्यार्थी को दिया जाता है।
2. **स्व. अभिनन्दन कुमार जैन स्मृति छात्रवृत्ति - स्थापित द्वारा श्रीमती विमला जैन।**
यह छात्रवृत्ति उस विद्यार्थी को मिलती है जिसने स्नातक स्तर पर महाविद्यालय में सर्वोच्च अंक प्राप्त किये हो।
3. **विशेष :** महाविद्यालय में अध्ययनरत या महाविद्यालय में नवीन प्रवेश लेने वाले छात्र/छात्राएं जो कि खेलकूद, गायन एवं वादन, भाषण प्रतियोगिता एवं कला के अन्य किसी क्षेत्र में अपना विशेष स्थान रखते हो या वास्तव में गरीब है उन्हें महाविद्यालय पठन-पाठन हेतु विशेष सहायता प्रदान करेगा।

अनुशासक मण्डल

डॉ. नवनीत कुमार विश्नोई (मुख्य अनुशासक)

अनुशासक		अनुशासक	
डॉ. प्रदीप कुमार	- सदस्य	डॉ. ऋतुराज यादव	- सदस्य
डॉ. राजकिशोर शुक्ला	- सदस्य	श्री सत्य प्रकाश परमार	- सदस्य
डॉ. देवेन्द्र कुमार	- सदस्य	श्री मोहम्मद जावेद	- सदस्य
सुश्री गीतांजलि	- सदस्य	श्री तीर्थराज सिंह	- सदस्य
डॉ. नीरज त्यागी	- सदस्य	श्री योगेन्द्र सिंह	- सदस्य
डॉ. सविता	- सदस्य	श्री सचिन कुमार	- सदस्य
डॉ. विशेष कुमार राय	- सदस्य	श्री शिवमगन सिंह	- सदस्य

अनुशासन मंडल का संदेश

"प्रिय विद्यार्थियों आप राष्ट्र की शक्ति हो और यह शक्ति तीन स्तंभों पर आधारित है- शिक्षा, चरित्र एवं संस्कृति। भारतवर्ष का भविष्य आप पर निर्भर है। इस भविष्य को सुंदर बनाने में आपको अपना योगदान देना होगा। अपने भीतर आत्मविश्वास पैदा करना होगा। प्रत्येक कार्य ईमानदारी, निष्ठा और सच्चाई से करना होगा। जीवन में अच्छा इंसान बनने के लिए और आगे बढ़ने के लिए स्वयं को सुधारना होगा। अपनी गलतियों को सुधारने से पहले उन गलतियों को स्वीकारना होगा। अपने काम को सदैव योजनाबद्ध तरीके से करना और अपनी दिनचर्या का अनुशासन के साथ पालन करना होगा।" पंजीकृत छात्र/छात्रा के लिए महाविद्यालय द्वारा निर्मित आचार संहिता और अनुशासन संबंधी नियमों का पालन करना अनिवार्य है। अन्यथा अनुपालन नहीं करने पर उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही कर उन्हें महाविद्यालय से निलम्बित या निष्कासित किया जा सकता है।

अनुशासन सम्बन्धी नियम एवं आचरण संहिता

1. विद्यार्थी से मिलने वाले आगन्तुकों को चाहिए कि वे सम्बन्धित विद्यार्थियों से सीधे न मिलकर चीफ प्रॉक्टर से सम्पर्क स्थापित करें।
2. शासन ने कक्षाओं में छात्र/छात्राओं की 75% उपस्थिति अनिवार्य कर दी है। अन्यथा उन्हें विश्वविद्यालय की परिक्षाओं में बैठने से वंचित कर दिया जायेगा।
3. **परिचय पत्र के बिना महाविद्यालय में प्रवेश वर्जित है।** विद्यार्थियों को अपना परिचय-पत्र सदैव अपने साथ रखना चाहिए। परिचय पत्र न होने की दशा अनुशासनात्मक कार्यवाही की जा सकती है।
4. **जिस कक्ष में कक्षा चल रही हो, उसके सम्मुख खड़े होना अनुशासन हीनता है।** बरामदों में अनावश्यक न घूमें प्राचार्य कक्ष के आस-पास चक्कर लगाना, बिना किसी प्रयोजन के प्राचार्य-कक्ष में प्रवेश करना भी पूर्णत: अनुशासनहीनता है। अनावश्यक घूमने की अवस्था में अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।
5. **छात्रों को चाहिए कि वह अपना खाली समय वाचनालय में पत्र-पत्रिकाओं को पढ़कर व्यतीत करें।**
6. **छात्राओं को चाहिए कि वे अपना खाली समय छात्रा कक्ष में पत्र-पत्रिकायें पढ़ कर व्यतीत करें।**
7. महाविद्यालय की दीवारों पर कुछ न लिखें। लिखने वालों को महाविद्यालय से निष्कासित किया जा सकता है।
8- **महाविद्यालय परिसर में धूम्रपान तथा अन्य कोई नशीले पदार्थ का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है।**
9. **प्राचार्य एवं चीफ प्रॉक्टर की पूर्व अनुमति के बिना महाविद्यालय परिसर में प्रचारात्मक साहित्य प्रसारित करने वाले के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाती है।**
10. **किसी भी प्रकार का हथियार छात्र/छात्रा द्वारा कॉलिज में लाना वर्जित है। इस नियम को तोड़ने पर कठोर अनुशासनात्मक व कानूनी कार्यवाही की जायेगी।**
11. सरकारी आदेशों के अनुसार कक्षा व परीक्षा में मोबाइल रखना पूर्णतया वर्जित है।
12. अनुशासन में रहकर व्यक्ति महान बनता है। महाविद्यालय में सुचारू रूप कार्य के लिए अनुशासन बनाये रखना आपका कर्त्तव्य है।

विशेष निर्देश :- महाविद्यालय परिसर में समस्त छात्र/छात्राओं को कोविड-19 गाइडलाइन का पालन करना अनिवार्य है।

परिचय-पत्र (IDENTITY CARD)

सभी छात्र/छात्राओं को पूर्ण रूप से भरा हुआ और चीफ प्रॉक्टर एवं अन्य अनुशासक मण्डल में नियुक्त शिक्षकों द्वारा हस्ताक्षरित परिचय-पत्र पहनना अनिवार्य है। परिचय-पत्र खो जाने की अवस्था में दूसरा परिचय-पत्र चीफ प्रॉक्टर की लिखित आज्ञा के उपरान्त ही प्राप्त किया जा सकता है। प्रवेश लेने के १० दिन के अन्दर अपने परिचय पत्र पर चीफ प्रॉक्टर या अनुशासक मण्डल के सदस्यों के हस्ताक्षर अवश्य करा लें।

सत्यापन

अपनी अंकतालिका एवं अन्य प्रमाण-पत्रों के सत्यापन के लिए पहले कार्यालय में श्री राहुल अग्रवाल एवं श्री विवेकानन्द से सम्पर्क करें, जहाँ मूल प्रति (Original) से मिलान करने पर ही डॉ. मनन कौशल, डॉ. नवनीत विश्नोई, डॉ. आभा सिंह, डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. राजकिशोर शुक्ला, डॉ. रश्मि गुप्ता अपने हस्ताक्षर करेंगे।

(1) Internal Quality Assurance Cell (IQAC)
(आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ)

श्री हिमांशु शर्मा (अंग्रेजी)	समन्वयक	डॉ. सौरभ अग्रवाल (रसायन शास्त्र)	सदस्य
डॉ. अनुराग पाण्डेय (समाजशास्त्र)	सह समन्वयक	श्री मयंक अरोड़ा (बीबीए)	सदस्य
डॉ. मोहम्मद तारिक (अंग्रेजी)	सदस्य	श्री अमित भटनागर (बीसीए)	सदस्य
डॉ. राजनलाल (अंग्रेजी)	सदस्य	श्री राहुल मोहन माहेश्वरी (कार्यालय)	सदस्य
डॉ. नीरज त्यागी	सदस्य	श्री बृज नारायण अग्रवाल	सदस्य (प्र.समिति)
श्री सत्य प्रकाश परमार	सदस्य	श्री अजय चौहान (समाज से)	सदस्य
श्री तीर्थराज सिंह	सदस्य	श्री पुनीत रस्तोगी	सदस्य (तकनीकी सहायक)
श्री सचिन कुमार	सदस्य		

महाविद्यालय में गुणवत्ता सुधार प्रक्रिया को सतत् रूप से चलाये रखने के उद्देश्य से आन्तरिक गुणवत्ता निर्धारण प्रकोष्ठ का गठन किया गया है।

NAAC Steering Committee (नैक संचालन समिति)

श्री अनुराग कुमार पाण्डेय	समन्वयक	श्री मोहित कुमार	सदस्य
श्री हिमांशु शर्मा	सदस्य	श्री जितेन्द्र कुमार	सदस्य
डॉ. मोहम्मद तारिक	सदस्य	डॉ. सौरभ अग्रवाल	सदस्य
सुश्री गीतांजलि	सदस्य	डॉ. मनीष टंडन	सदस्य
डॉ. विजय यादव	सदस्य	श्री राहुल मोहन माहेश्वरी	(कॉलेज कार्यालय)
डॉ. अरविन्द कुमार (भूगोल)	सदस्य	श्री पुनीत रस्तोगी	सदस्य (तकनीकी सहायक)

(2) Examination Cell (परीक्षा प्रकोष्ठ)

डॉ. बबलू सिंह (प्रभारी)

सह प्रभारी	परीक्षा सहायक
डॉ. गौरव सिंह	डॉ. गीतेश कुमार अग्रवाल
श्री मुकेश सिंह	श्री नरेन्द्र गोयल
डॉ. सविता	श्री राहुल मोहन माहेश्वरी
डॉ. जितेन्द्र कुमार	श्री सुरेन्द्र पाल सिंह
डॉ. विजय यादव	श्री शरद गुप्ता
श्री मोहित कुमार	

महाविद्यालय में नकल विहीन एवं शुचितापूर्ण परीक्षा संचालन के लिए परीक्षा प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। परीक्षा सम्बन्धी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए प्रकोष्ठ में सम्मिलित सदस्यों से सम्पर्क करें।

फेसबुक	वेबसाइट	यूट्यूब
डॉ. ज्ञानेश कुमार (प्रभारी)	डॉ. अनुराग पाण्डेय (प्रभारी)	डॉ. देवेन्द्र (प्रभारी)
डॉ. अरविन्द यादव (प्रभारी)	डॉ. विजय यादव (सह-प्रभारी)	डॉ. जावेद (प्रभारी)
	डॉ. अरविन्द कुमार (सह-प्रभारी)	

(3) Cultural Program Committee (सांस्कृतिक कार्यक्रम समिति)

डॉ. अरविन्द कुमार (संस्कृत)	प्रभारी	श्री अरविन्द कुमार (भूगोल)	सदस्य
डॉ. आभा सिंह	सदस्य	डॉ. मोहम्मद मूसा	सदस्य
डॉ. रश्मि गुप्ता	सदस्य	डॉ. बीना शर्मा	सदस्य
डॉ. मोहम्मद तारिक	सदस्य	डॉ. पीयूष कुमार शर्मा	सदस्य
डॉ. विशेष कुमार राय	सदस्य	श्री मयंक अरोड़ा	सदस्य
श्री मोहम्मद जावेद	सदस्य	श्री सलमान अख्तर	सदस्य
श्री राजीव कुमार	सदस्य	डॉ. श्रद्धा शर्मा	सदस्य

जो विद्यार्थी सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने के इच्छुक हों वे उपरोक्त सदस्यों से सम्पर्क करें।

(4) ABACUS Committee (अबेकस समिति)

डॉ. गौरव सिंह	-	नोडल अधिकारी
डॉ. मौ. तारिक	-	सदस्य
डॉ. विजय यादव	-	सदस्य
श्री तीर्थराज सिंह	-	सदस्य
श्री अमित भटनागर	-	सदस्य
श्री मयंक अरोड़ा	-	सदस्य

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत महाविद्यालय में ABACUS समिति का गठन किया गया है। जिसकी देखरेख में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों का डेटाबेस तैयार किया जायेगा। ABACUS स्टेट लेवल का एकेडमिक बैंक है जिसमें शिक्षा सम्बन्धी क्रेडिट जोड़े जाते हैं।

(5) Personal Counselling Cell
(व्यक्तिगत परामर्श सेल)

श्री निखिल कुमार दास (प्रभारी) श्री सचिन कुमार (सदस्य)

छात्र एवं छात्राओं अपनी मनोवैज्ञानिक समस्याओं/परामर्श हेतु मनोविज्ञान विभाग में निशुल्क संपर्क कर सकते हैं।

(6) Grievance and Redressal Cell
(शिकायत और निवारण प्रकोष्ठ)

डॉ. नवनीत कुमार विश्नोई	-	समन्वयक
डॉ. गौरव सिंह	-	सदस्य
डॉ. प्रदीप कुमार	-	सदस्य
डॉ. अरविंद कुमार	-	सदस्य
डॉ. देवेंद्र कुमार	-	सदस्य
डॉ. सविता	-	सदस्य
डॉ. विशेष कुमार राय	-	सदस्य
श्री रणदेव सिंह	-	सदस्य
डॉ. विकास मोहन श्रीवास्तव	-	सदस्य
डॉ. पूजा त्यागी	-	सदस्य

छात्र-छात्राओं व अभिभावकों की समस्या और असुविधा के निराकरण एवं समाधान के लिए यह प्रकोष्ठ कार्यरत है।

(7) Schedule Caste and Tribe Cell
(अनुसूचित जाति और जनजाति प्रकोष्ठ)

प्रो. मनन कौशल	-	प्रभारी
डॉ. बबलू सिंह	-	सदस्य
डॉ. हरेंद्र कुमार	-	सदस्य
डॉ. प्रदीप कुमार	-	सदस्य
डॉ. देवेन्द्र कुमार	-	सदस्य
डॉ. विशेष कुमार राय	-	सदस्य

